बोरिंग नौकरियों में फंसे लोगों के लिए टीएलसी ला रहा है एक सुनहरा अवसर

एक वर्ष की टीएलसी स्कॉलरशिप जो आपको आने वाले शो 'द कॉलिंग' का चेहरा बनने, भारत की यात्रा करने और एक्सप्लोर करने का मौका देगी ।

मुंबई, अगस्त 13, 2018 – क्या आप एक उबाऊ नौकरी में फंसे हुए हैं? आप इसे छोड़ना चाहते हैं? क्या आप एक अनदेखी दुनिया को देखना चाहते हैं? क्या आप अपने सपनों की जिंदगी को जीना चाहते हैं? क्या आप नहीं जानते हैं कि अपने सपनों को कैसे सच बनाया जा सकता है?

यहां अपनी पुरानी इच्छाओं को पूरा करने के लिए आपके पास जीवन का सबसे बड़ा अवसर है। भारत का नंबर 1 लाइफस्टाइल चैनल टीएलसी, सबसे उबाऊ नौकरी में फंसे लोगों के लिए एक अविश्वसनीय एक वर्षीय ट्रैवल स्कॉलरशिप के माध्यम से दुर्लभ अवसर उपलब्ध करा रहा है। विजेता देश के दुर्गम स्थानों की फुर्सत से यात्रा करते हुए ऐसे व्यंजनों को चखेंगे जिनके बारे में उन्हें अब तक नहीं पता था और दुनिया का अनुभव लेते हुए जिंदगी जियेंगे। इसे और अधिक रोचक बनाने के लिए टीएलसी विजेताओं को आने वाले शो– द कॉलिंग का चेहरा बनकर स्टारडम हासिल करने का एक अवसर उपलब्ध कराएगा।

ये आसान नहीं होगा। ये प्रतियोगिता बेहद विचित्र है। आवेदकों को अपनी जिंदगी की तमाम नीरसता को सामने लाकर 3 मिनट का एक छोटा वीडियो प्रस्तुत करना होगा। आसान है? है ना ?

सबसे उदास 3 वीडियो आवेदन टीएलसी स्कॉलरशिप जीतेंगे। टीएलसी ऐसे 3 फूड और ट्रैवल दीवानों को खोज रहा है जिनमें एक बेहतर भविष्य के लिए अपनी मौजूदा उबाऊ नौकरी को छोड़ने की हिम्मत है! विजेताओं को अपना बैग पैक करना होगा और अगले 12 महीने देश के अनदेखे हिस्सों की यात्रा करते हुए बिताने होंगे। स्कॉलरशिप के पहले 3 महीने आने वाले शो 'द कॉलिंग' के चेहरे के रूप में तमाम शहरों में यात्राओं को समर्पित होंगे और शेष अवधि के दौरान विजेताओं को टीएलसी के सोशल माध्यमों के लिए व्लॉग तैयार करने होंगे।

द कॉलिंग के चेहरे के रूप में, चुने गए 3 व्यक्तियों को देश के 8 राज्यों के सांस्कृतिक पक्षों की खोज करते हुए, वहां के स्थानीय व्यंजनों को चखते हुए मित्र बनाने और यात्रा करने का अवसर मिलेगा। विजेताओं को आठों स्थानों पर आपसी चुनौतियों को पूरा करते हुए अपनी बकेट लिस्ट को भी पूरा करने का भी अवसर मिलेगा।

जुल्फिया वारिस, वी.पी. प्रीमियम एंड डिजिटल नेटवर्क्स, डिस्कवरी कम्युनिकेशन्स इंडिया ने कहा, 'लोग जिंदगी को तलाशने, नए स्थानों की यात्रा करने और सभी कल्पनाओं को पूरा करने की स्वाभाविक इच्छा रखते हैं परंतु क्योंकि हमारे पास ऐसी बेफिक्र जिंदगी को जीने के संसाधन नहीं हैं, हम परिस्थितियों के साथ समझौता कर लेते हैं और अपने अस्तित्व के लिए 9 से 5 की नौकरी को स्वीकार कर लेते हैं। यहीं हम एक बड़ा परिवर्तन करेंगे– हम आपको आपके जुनून को हासिल करने में इस तरह समर्थ बनाएंगे जैसे इससे पहले किसी ने न किया हो। ये देश भर के प्रतिभागियों के लिए अपनी जिंदगी को अपनी इच्छा के

अनुसार जीने के लिए मिलने वाला ऐसा अवसर है जो उन्हें कभी प्राप्त नहीं हुआ था। हमने प्रतियोगिता को बहुत साधारण बनाया है– जितनी अधिक रचनात्मक रूप से बोरिंग आपकी एंट्री होगी, उतनी ही टीएलसी की 1 वर्ष की स्कॉलरशिप को हासिल करने के आपके अवसर होंगे।

अब आपको किस बात का इंतजार है? अपने एंट्री वीडियो का अपलोड करें, अभी ! प्रोमो देखें<https://www.youtube.com/watch?v=rc2sTKjsuD4 >

'द कॉलिंग' में भाग लेने की प्रक्रिया

- www.thecalling.in पर लॉग ऑन करें (एंट्री 13 अगस्त 12 बजे अपराह्न से खुलेंगी तथा 27 अगस्त को सांय 6 बजे बंद होंगी)
- अधिकतम 3 मिनट का एक वीडियो अपलोड करें। हमें बताएं कि क्यों आपकी नौकरी दुनिया की सबसे बोरिंग नौकरी है और क्यों आपको टीएलसी की स्कॉलरशिप के लिए चुना जाना चाहिए।
- विस्तृत फॉर्म को भरें और प्रतिक्रियाएं दें।

द कालिंग का प्रीमियर टीएलसी तथा राइज बाई टीएलसी यू ट्यूब चैनल पर होगा।

टीएलसी के बारे में

टीएलसी दुनिया के श्रेष्ठ अनुभवों का आनंद लेने की ख्वाहिश रखने वाले महत्वाकांक्षी दर्शकों के लिए घर के अंदर ही एक यात्रा का माध्यम है। यात्राओं, व्यंजनों, मेकओवर, फैशन, संबंधों, डिजाइन और संगीत पर आधारित कार्यक्रमों के व्यापक मिश्रण के साथ यह दर्शकों को अपने समय का सबसे अच्छा उपयोग करने और सबसे रोमांचक जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करता है। ट्रैवल विशेषज्ञ दुनिया की सबसे आकर्षक जगहों के अंदरूनी रहस्यों को साझा करते हैंय सेलेब्रिटी शेफ और रेस्तरां आनंददायक व्यंजन तैयार करते हैंय लाइफस्टाइल विशेषज्ञ शरीर, बालों, घरों और जिन्दगी को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए अपने तौर–तरीकों को साझा करते हैं और घूमते हुए कैमरे रईस और प्रसिद्ध लोगों की छुपी हुई जिन्दगी से पर्दा उठाते हैं।